विचार प्रवाह

इन मासूमों की मौत का जिम्मेदार कौन ?

राजस्थान के झालावाड़ पिपलोदी नामक गाँव में सरकारी स्कूल की छत गिरने से आठ मासूम बच्चो की मौत की खबर ने अंतर्मन को द्रवित कर झकझोर दिया हे ! यह हादसा कितना भयावह होगा इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता हे कि 28 बच्चे घायल हे जिनमें से 9 बच्चो की हालत अभी गंभीर हे ! देश में अमूमन कही भी किसी भी राज्य में देख लीजिये सरकारी स्कूल भवनों की लागत निजी भवनों की तुलना में अधिक ही होती हे किन्तु जब स्कूल भवन बनते हे तो क्यों निजी भवनों की तुलना में सरकारी स्कूल भवन मजबूत टिकाऊ नही बनाते हे ?

क्या कारण हे कि लाखो की भवन निर्माण राशि जारी होने के बाद भी घटिया स्कूल भवन तान दिए जाते हे और ढाई दशक भी यह भवन नही चल पाते हे और क्षतिग्रस्त होकर मासूमों का जीवन लील लेते हे ? सारे प्रश्नों का एक ही जवाब मिलेगा सिस्टम में फेले ऊपर से निचे तक के भ्रस्टाचार की भेट चढ़ जाते हे सरकारी स्कुल भवन ! बेकोल यह कटु सत्य हे कि देश में लाखों के बने स्कुल होस्टल भवन अपनी पहली वर्षगांठ भी नही मना पाते और उसमें दरारे दिखने लग जाती हे जो हमारे सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार के लेवल को उजागर करता हे !

राजस्थान के पिपलोदी में स्कूली भवन की छत गिरने से आठ बच्चो की मोत और 28 घायल बच्चो की खबर सुनकर हर किसी मन असहाय क्रौदन से भर गया हे लेकिन अफ़सोस हमारा सरकारी तंत्र जागता ही तब हे जब घटना घट जाए ! बेशक इस घटना के बाद राजस्थान कि भजनलाल सरकार एक्शन मोड़ में होकर पुरे प्रदेश के स्कुलो की सघन जाच करवाकर भविष्य में राज्य में ऐसी घटनाओ की पुनवृति नही होने देगी ! लेकिन इस घटना के बाद क्या हमारा सरकारी तंत्र में सुधार होगा यह कहना बेईमानी होगी ?

निःसंदेह पिपलोदी स्कूल भवन की छत गिरने से 8 मासूमों की मोत पर शाला के प्रभारी को मौत का जिम्मेदार ठहराकर उसका गला विभाग द्वारा नाप लिया जायेगा लेकिन क्या उनके गले कोई नापेंगे जिन्होंने भवन बनाया था और जिन्होंने स्कूल भवन की गुणवत्ता की रिपोर्ट की रिपोर्ट जारी की थी ? दुर्भाग्य देखिये प्रशासन में बेठे लोगों का कि वह हर वर्ष शाला प्रभारी से स्कूल भवन की रिपोर्ट लेते हे कि स्कूल भवन कैसा हे स्थिति क्या हे ? शिक्षक कोई इंजीनियर नही हे जो सो फीसदी मुआयना करके हालत सही बता दे ! शाला प्रभारी स्कूल भवनों की जानकारी अपने विवेक के आधार पर अक्सर सही भी बता देते हे लेकिन प्रश्न यह हे कि विभाग मरम्मत मरम्मत कब और कितनो की करवाता हे जांच का विषय हे ?

विडम्बना इस देश की यह हे कि यह हे कि जब जब भी देश में सरकारी स्कूलों कोई गंभीर जनहानि की घटना घटती हे तो सीधे संबंधित स्कूल के प्राचार्य या प्रभारी को दोषी मानकर निलंबन कर दिया जाता हे ! जबकि उक्त घटनाओं के लिए उससे जुड़ी संबंधित एजेंसियों को दोषी मानना चाहिए ! मसलन दूषित मध्यान्ह भोजन से बच्चे यदि बीमार होते हे तो सम्बन्धित भोजन बनाने वाला समूह जिम्मेदार होना चाहिए ! स्कूलों में घटिया निर्माण कार्यो के लिए निर्माण एजेंसियों की जवाबदेही होना चाहिए ! स्कुल प्राचार्य की जिम्मेदारी शाला में बेहतर अध्यापन व्यवस्था की होनी चाहिए !

जिले ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय होना चाहिए कि क्या उन्हें दौरे पर स्कूलों की जर्जर स्थिति नही दिखाई देती ? क्या हमारे वरिष्ठ अधिकारियों का कर्तव्य सिर्फ घटना के बाद शिक्षक का गला नापना भर रह गया हे ? देश भर की राज्य सरकार से निवेदन हे कि स्कूलों के भवनों की जांच संबंधित विभाग के इंजीनियरों से करवाए और स्कुल भवन निर्माण से जुड़े सभी अधिनस्थो की जिम्मेदारी तय करे अन्यथा मासूम बच्चे देश में कही भी भ्रष्टाचार की भेट फिर चढ़ जायेगे और हमारा सिस्टम शाला प्रभारी का गला नाप कर इतिश्री कर लेगा !

अरविन्द रावल
51 गोपाल कॉलोनी झाबुआ म.प्र.
मोबाईल न.- 9340579251

प्रकृति के श्रंगार के लिए नवांकुर सखी हरियाली यात्रा निकाली गई

भगवानपुरा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा विकासखंड भगवानपुरा के नवांकुर सखी हरियाली यात्रा आयोजित हुई विकासखंड के पांचो सेक्टरों में भगवानपुरा सरवरदेवला बहादरपुरा पीपलझोप गढी आदि में यात्रा निकाली गई यात्रा विकासखंड के 5 सेक्टर में आयोजित हुई इसमें बड़ी संख्या महिलाओं ने भाग लिया जिसमें पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ने के लिए 11 बीज रोपित थैलियां महिलाओं को दी जा रही है।

जिनको वह 1वर्ष तक अपने घर पर रखकर पौधे को बड़ा करने का काम करेगी। जिसको जन अभियान परिषद में नवांकुर सखी नाम दिया है यह यात्रा 24 जुलाई से 28 जुलाई तक संपूर्ण प्रदेश में आयोजित हुई । विकासखंड समन्वय महेश कुमार खराड़े सर ने बताया कि । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मप्र जन अभियान परिषद के अध्य क्ष डॉ. मोहन यादव जी ने आज परिषद के नवाचारी कार्यक्रम नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा के पोस्टवर का समत्वभ भवन में विमोचन करते हुए इस प्रदेश व्या पी अभियान में सम्मिलित नवांकुर सखियों को शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण में उनकी सतत और सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की अभियान का प्रमुख उद्देश्?य नारी शक्ति के माध्यरम से स्वैजच्छिकता के आधार पर पर्यावरण संरक्षण स्वालम्बन नशामुक्ति जैविक कृषि को बढ़ावा देना है।

उल्लेखनीय है कि परिषद द्वारा प्रदेश के 313 विकासखंडों के 1565 सेक्टघरों में हरियाली अमावस्याक 24 जुलाई से आगामी 05 दिवसों तक नवांकुर सखी-हिरयाली यात्रा का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के अंतर्गत प्रत्येकक सेक्टार में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में पंजीकृत की गई हैं। ये नवांकुर सखियां 11 बीज रोपित एवं अंकुरित पौध रोपित थैलियों के माध्यरम से अपने घर की बगिया में पौधे विकसित करेंगी।

म प्र जन अभियान परिषद की इस नवाचारी पहल से प्रदेश के प्रत्योक विकासखंड में 5500 पौधे तैयार होंगे। 1,56,500 नवांकुर सखियों द्वारा संपूर्ण प्रदेश में 17,21,500 पौधे तैयार होंगे। विकसित पौधों को रोपण लायक होने की स्थिति में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में मंदिर में महत्व0 के अवसरों पर रोपित किया जायेगा।

ये पौधे एक पेड़ माँ के नाम अभियान में आगामी वर्षों में रोपित होंगे। यात्रा आयोजन में जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी की ओर ग्राम कलश यात्रा और पर्यावरण एवं जल संरक्षण नशामुक्ति जैविक कृषि को बढ़ावा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समाजसेवीयो जनप्रतिनिधियों की सहभागिता पूस्फुटन समितियां cmcldp कालुराम डावर अनारसिह महाराज शोभाराम महाराज भारत महराज सुन्दर महाराज कुन्दन चोहान नन्हेश्वर जन सेवा संस्था से दिनेश महाजन नवांकुर संस्था के महेश मालवीया रमेश अवासे बालु ग्रासे नितेश जाधव शान्तिलाल खोडे पर्वत सिसोदिया परामर्शदाता कान्हा जायसवाल संजय सोलंकी योगेश पप्पू गोपाल आदि उपस्थित रहे।

नाग पंचमी पर डीआरपी लाईन स्थित प्राचीन श्री नाग मंदिर पर दिनभर श्रद्धालुओं की दर्शन-पूजन के लिए रहीं भीड़

श्रद्धालुओं द्वारा अपने घरों पर भी सपेरो द्वारा पिटारी में नागदेवता को लाने पर पूजन की गई

झाबुआ। शहर में 29 जुलाई, मंगलवार को नाग पंचमी पर्व आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दिन श्रद्धालुओं द्वारा डीआरपी लाईन स्थित एकमात्र प्राचीन श्री नाग मंदिर पर पूजा-अर्चना की गई। दिनभर मंदिर में भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए भीड़ रहीं। श्रद्धालुओं ने अपने घरों पर सपेरो द्वारा पिटारी में नागदेवता को लाने पर उन्हें दूध पिलाकर यथा शक्ति दान दिया गया। इस दिन घरों में ठंडा भोजन ग्रहण किया गया।

नाग पंचमी पर डीआरपी लाईन स्थित श्री नाग मंदिर पर अलसुबह 6 बजे से ही श्रद्धालुओं की दर्शन के लिए महिला-पुरूषों की अलग-अलग कतार देखने को मिली। मंदिर के सेवक हरिशचन्द्र वर्मा ने बताया कि नाग पंचमी पर्व को लेकर एक दिन पूर्व मंदिर पर विशेष सजावट एवं तैयारियां की गई। उन्होंने बताया कि वह पिछले 35 वर्षों से मंदिर में सेवा कार्य कर रहे है। वह सेवानिवृत्त पुलिस उप-निरीक्षक होकर उन्हें स्वपन में नागदेवता द्वारा दर्शन दिए गए थे। जिसके बाद डीआरपी लाईन में गोपेश्वर महादेव मंदिर के समीप नाग मंदिर की स्थापना कर वर्षों से सेवा कार्य किया जा रहा है। जिसमें सहयोग उनकी पुत्री नेहा वर्मा द्वारा भी प्रदान किया जाता है।

दिनभर चला दर्शन-पूजन का क्रम-नाग पंचमी पर श्री नाग मंदिर पर अलसुबह से लेकर रात तक भक्तों के दर्शन-पूजन का क्रम चला। श्री नागदेवता की प्रतिमा का जल, दूध, पंचामृत आदि से पूजन कर पुष्प, फल, फूल आदि अर्पण किए गए। दिनभर श्रद्धालुओं की यहां भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने श्रावण मास के चलते समीप श्री गोपेश्वर महादेव मंदिर में भी दर्शन-पूजन का लाभ लिया। शहर के कई कॉलोनियों एवं गली-मौहल्लों में आसपास के अंचलों से सपेरे नागदेवता को पिटारे में लेकर पहुंचे और 'नागदेवता को दूध पिला दो' की आवाज लगाई। श्रद्धालुओं द्वारा नागदेवता को दूध पिलाकर यथा शक्ति दान-पुण्य किया गया। इस दिन घरों में एक दिन पूर्व बना ठंडा भोजन ग्रहण किया गया। पर्व को लेकर शहर में दिनभर विशेष उत्साह बना रहा।

भोपाल में मंत्री कृष्णा गौर ने किया भोले बाबा का दरबार एल्बम का लोकार्पण

महेश्वर। यह भोले बाबा का दरबार,यहीं से लगेगी नैया पार श्रावण के तीसरे सोमवार को शिवभक्ति माला श्रंखला में यूकी म्युजिक कंपनी दिल्ली ने महेश्वर के गीतकार हरीश दुबे का तीसरा एल्बम जारी किया। भोपाल में लोकार्पण करते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण कृष्णा गौर ने बताया कि महेश्वर में मां नर्मदा के होने से शिवभक्ति अधिक फलदाई है।

उस पर श्रावण के पुण्य माह में लोकार्पण प्रसंग शिव आराधना ही है। उल्लेखनीय है कि गीत को भक्तिमय स्वर रवीन्द्र शर्मा %नर्मदा शिरोमणि इंदौर ने दिया है। सुमधुर संगीत हिमांशु जैन इंदौर ने तैयार किया है। इस अवसर पर गीतकार हरीश दुबे, जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष आशीष मेहता और संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष हरि वल्लभ शास्त्री उपस्थित थे।

श्री पांचवाडी नाग मंदिर में रही नाग पंचमी की धूमधाम

महेश्वर। मंगलवार को नगर में नाग पंचमी का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम एवं हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। वार्ड क्रमांक 7 माली मोहल्ले में प्रसिद्ध श्री पाँच वाडी नाग मंदिर में चतुर्थी रात्री को बाबा का दूध से अभिषेक किया गया। सोमवार को बाबा की प्रतिमा ने चोला छोड़ा वहीं पंचमी को सुबह बाबा का विशेष श्रंगार किया गया एवं बाबा का नव नाग हवन किया गया। नाग मंदिर समिति के द्वारा प्रति वर्ष अनुसार सुन्दर भगवान भोले नाथ की झांकी भी बनाई गई। रात्री में बाबा की 101 बतियों से महा आरती व 56 भोग लगाया जाएगा। श्री पाँच वाडी नाग मंदिर समिति के अध्यक्ष कार्तिक जोशी के द्वारा विश्व की एक मात्र नाग चालीसा का लेखन भी किया गया है जिनकी प्रति भक्त जनों को समिति के द्वारा निशुल्क वितरीत की गई। मंदिर समिति के सभी सेवक माण्डल दिन रात बाबा की सेवा में लगे रहे। माली मोहल्ला नाग मंदिर मैं बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। भक्तों द्वारा नाग देवता के पूजन अर्चन के बाद दूध और नारियल प्रसादी चढ़ाई गई। नगर के छोटे-छोटे मंदिरों में भी भक्तों द्वारा नाग देवता का पूजन अर्चन कर नारियल चढ़ाए गए। नगर के समस्त नाग मंदिरों में नाग देवता को चोला चढ़ाकर विशेष श्रंगार कर मंदिरों को विद्युत सज्जा और फूलों से सजाया गया। नाग पंचमी पर्व के चलते कई लोगों को नाग देवता की सवारी भी आई। प्रत्येक घर दाल बाटी और चूरमे का भोजन बनाया गया।

भीकनगांव अध्यक्ष चुनाव पर हाईकोर्ट की रोक....

सुप्रीम कोर्ट आदेश की अवहेलना पर कानूनी नोटिस.....

भीकनगांव(इंदौर समाचार)ः- नगर परिषद भीकनगांव में अध्यक्ष पद के लिए हो रहे चुनाव पर फिलहाल हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। यह आदेश इंदौर हाईकोर्ट की बेंच ने सोमवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

याचिका में कहा गया था कि चुनाव की प्रक्रिया में विहित नियमों का पालन नहीं किया गया और पार्षदों को समय पर सही जानकारी नहीं दी गई यह याचिका ऋतु वर्मा द्वारा दायर की गई थी, जिनकी ओर से अधिवक्ता लकी जैन और आशीष एस. शर्मा ने पैरवी की। कोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए अगली सुनवाई 5 अगस्त को तय की है और तब तक अध्यक्ष पद का चुनाव स्थगित कर दिया है इस बीच एक और मामला सामने आया है जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना का आरोप लगा है। नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 5 के उपचुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 25 जून को आदेश दिया था कि चुनाव का परिणाम कोर्ट में लंबित याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।

इसके बावजूद 7 जुलाई को मतदान कराया गया और 10 जुलाई को परिणाम घोषित कर विजेता को प्रमाणपत्र भी दे दिया गया उसी निर्वाचित पार्षद को शामिल करते हुए 30 जुलाई को अध्यक्ष का चुनाव कराने की तैयारी की जा रही थी, जो सीधे सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन मानी जा रही है। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आशीष एस शर्मा ने रिटर्निंग ऑफिसर व जिला निर्वाचन अधिकारी को कानूनी नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि, यदि आदेश की अनदेखी जारी रही तो उनके विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। दोनों मामले न्यायालय की निगरानी में हैं और आगे की कार्रवाई अदालत के आदेश पर निर्भर करेगी।

भोले बाबा हम आये है-कावड भर कर लाये है के जयकारों के साथ सेवा भारती की भव्य कावड यात्रा निकली

पेटलावद। वर्षो तक मुगल और अंग्रेज आ कर भी जनजाती समाज की संस्कृति नहीं बदल सके तो आजकल के आये हुए कुछ संगठन हमें कैसे बदल देगें या अलग कर देंगे। हम सब एक है हम सब हिंदू है। बाबा देव को पुजने वाले हम सब हिंदू है। कुछ लोग हमारे बीच में भेदभाव उत्पन्न करना चाहते है। जिससे हमें बचना होगा। और हमें एक रहना होगा। जनजाती समाज ने सभी अवसरों पर एक जुट हो कर हिंदू राष्ट्र की रक्षा के लिए सहयोग दिया है। हमारी संस्कृति और पूर्वज के दिये हुए संस्कार हमें हमारी जडों से जोड रखते है।

जनजाति समाज की संस्कृति और परंपरा की जडे मजबूत है। जिसे कोई हिला नहीं सकता है,हम सब एक है।- राजेश डावर।

हजारों श्रद्धालु तीन खंडों से 25 किमी तक पैदल चल कर कावड यात्रा में आये।

हमें हमारी सनातन परंपराओं को जीवीत रखना है। हमारे बीच भेदभाव उत्पन्न करने वालों से सावधान रहना है। उक्त बात सेवा भारती के द्वारा सोमवार को आयोजित समरसता कावड यात्रा के बाद धर्म सभा को संबोधित करते हुए राजेश डावर विभाग के जनजातीय कार्य प्रमुख ने कहीं।

प्रकृति का वरद हस्त प्राप्त है

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भागवत कथा वाचक और गौभक्त देवेंद्र जी शास्त्री ने कहा कि सनातन की परंपराओं को सिचने के लिए आप सब के द्वारा किये जा रहे सदप्रयासों के प्रति हम नतमस्तक है। आपकी भगवान भोलेनाथ के प्रति अगाध श्रद्धा से हम भाव विभोर है। झाबुआ जैसे जनजाती क्षेत्र पर प्रकृति का वरदहस्त प्राप्त है। जिससे यहां चारो ओर हमें हरियाली और भगवान की भक्ति में रमते भक्तगण दिखाई देते है।

सेवा भारती भी सतत सेवा कार्यो में लगी हुई है। जिसमें कई प्रकल्पों के माध्यम से अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

मंच पर अतिथि के रूप में श्री हरिहर आश्रम एवं कृष्ण कामधेनु गो शाला के संचालक श्री देवेंद्र जी शास्त्री, सनातन सेवा आश्रम के 1008 महामंडलेश्वर श्री जितेंद्रानंद जी महाराज,गुफा मंदिर संचालक संत श्री रमेश जी कलारा, राजेश जी डावर, विभाग जनजातिय प्रमुख विराजीत रहे। इस मौके पर अतिथियों ने सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलीत कर धर्मसभा का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत सेवा भारती के पूर्णकालिक और जिला समिति के सदस्यो के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनजाती के सहयोग का एकल गीत लालचंद सोलंकी के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

भव्य समरसता कावड यात्रा

''भोले शंभु भोले नाथ ,हर हर बम बम'' के जयकारों से नगर को धर्ममय करते सेवा भारती की समरसता कावड यात्रा का नगर में प्रवेश हुआ तो स्वागत मंचों के माध्यम से पुष्प वर्षा कर नगरवासियों ने कावडयात्रा का स्वागत किया। नगर में सेवा भारती कावड यात्रा का स्वागत लायंस क्लब आफ पेटलावद सेंट्रल, लायंस क्लब आफ पेटलावद ग्रेटर, जनपद पंचायत पेटलावद और ब्राम्हण समाज पेटलावद के द्वारा स्वागत किया गया। नगर में भ्रमण कर कावड यात्रा निलकंठेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां पर माही नदी के जल से भगवान का जलाभिषेक किया गया। कावड यात्रा में श्रद्वालु कई रूपों और रंगों में दिखे जहां किसी ने 21 किलो की कावड उठा रखी तो कहीं किसी ने अपने कावड को अलग ही रूप दिया। कई श्रद्वालु हाथों में भगवा ध्वज लिये चले।

तीन स्थानों से चली कावड यात्रा

सेवा भारती के द्वारा आयोजित कावड यात्रा दिनांक 27 जुलाई को तहसील के तीन खंड से प्रारंभ हुई जिसमें खाखरोडा माही नदी, भेरूगढ माही नदी और बोलासा फिल्टर प्लांट से जलभर कर रात्रि विश्राम बामनिया,सारंगी और रायपुरिया में करने पश्चात सोमवार को पेटलावद नगर में कावड यात्रा ने प्रवेश किया। जहां पर कावड यात्रा नगर में निकलने के पश्चात धर्मसभा में परिवर्तीत हुई।

इस अवसर पर सेवा भारती के जिला सदस्य रितेश निमजा, संतोष निनामा सह जिला कार्यवाह,जिला योजना प्रमुख अमृत भाबर, पूर्णकालिक दशरथ मैडा, लालसिंह सोलंकी, लक्ष्मण निनामा, प्रकाश पारगी,मांगु कटारा, कोमल निनामा,अजय सिंगाड, लालसिंह पारगी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र भट्ट,सेवा भारती सदस्य के द्वारा किया गया और अंत में आभार प्रदर्शन अमृत भाबर, जिला योजना प्रमुख के द्वारा माना गया।